# विकास भारती पब्लिक स्कूल

## अभ्यास परीक्षा (2024–25)

## विषय : हिंदी

## कक्षा : छठी


**समयावधि – 2 घंटे 30 मिनट** | **पूर्णांक–60**

---

**नोट – 1. इस प्रश्नपत्र के कुल 3 पृष्ठ हैं।**
**2. इस प्रश्नपत्र में कुल 13 प्रश्न हैं तथा सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
**3. सही प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए।**
**4. अतिरिक्त प्रश्नों के उत्तर लिखने पर अंक नहीं दिए जाएँगे।**
**5. वैकल्पिक प्रश्नों में विकल्प संख्या के साथ विकल्प भी लिखें अन्यथा अंक नहीं दिए जाएँगे।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **खण्ड – क (पठन कौशल)** | |
| **प्रश्न 1** | | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | |
| | | दिल्ली में अनेक ऐतिहासिक स्थल हैं, जिनमें से लाल किला भी एक है। लाल किले का निर्माण मुगल बादशाह शाहजहाँ ने 1639 ई0 में करवाया था। 1857 ई0 में इस किले पर अंग्रेज़ों का अधिकार हो गया, जिसका प्रयोग उन्होंने एक छावनी के रूप में किया। 1947 ई0 में स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ ही अंग्रेज़ों ने इस किले को सेना को सौंप दिया। 2003 ई0 में इस पर से सेना का नियंत्रण समाप्त कर इसे पर्यटन विभाग को सौंप दिया गया। किले की बाहरी दीवारें लाल पत्थर से बनी हुई हैं, इसलिए इसे 'लाल किला' भी कहा जाता है। इस किले में मुगल वास्तु कला के साथ–साथ फ़ारसी एवं भारतीय वास्तुकलाओं का भी प्रयोग किया गया है। लगभग ढाई किलोमीटर लंबी इसकी दीवारें दो मुख्य द्वारों पर खुलती हैं। एक को 'दिल्ली गेट' एवं दूसरे को 'लाहौर गेट' कहा जाता है। लाहौर गेट ही किले का मुख्य प्रवेश द्वार है। मुख्य प्रवेश द्वार से भीतर जाते ही एक बाज़ार मिलता है, जिसे 'चट्टा चौक' कहा जाता है। इस बाज़ार में भारत के लगभग सभी क्षेत्रों की कलाकृतियाँ मिल जाती हैं। इसे देखने भारत ही से नहीं विदेशों से भी पर्यटक आते हैं। प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर भारत के प्रधानमंत्री यहाँ राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण करते हैं। | |
| | **क)** | अंग्रेज़ों ने लाल किले को किसे सौंपा?<br>1. पर्यटन विभाग  2. सेना  3. शाहजहाँ | **1** |
| | **ख)** | लाल किले का मुख्य प्रवेश द्वारों के बारे लिखिए। | **2** |
| | **ग)** | स्वतंत्रता दिवस पर भारत के प्रधानमंत्री ध्वजारोहण कहाँ करते है? | **1** |
| | **घ)** | उचित जातिवाचक संज्ञा शब्द चुनिए।<br>1. दीवार  2. शाहजहाँ  3. दिल्ली | **1** |
| | | **खण्ड – ख (व्याकरण)** | |
| **प्रश्न 2** | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए** | |
| | **क)** | **उचित शब्द भरें – राजा ने जानवर की.................देने से मना कर दिया।**<br>1) बलि  2) बली | **1** |
| | **ख)** | **उचित शब्द भरें – उसने बड़ों का ............उड़ाया।**<br>1) उपहास  2) परिहास | **1** |
| | **ग)** | **जो कठिनाई से मिले, वह ........................कहलाता है।**<br>1) सुलभ  2) दुर्लभ  3) सुल्भ | **1** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | घ) | **जो जीता न जा सके, .........................कहलाता है।**<br>1) क्षणिक 2) अजेय 3) क्षणभंगुर | 1 |
| | ङ) | **'आदि' का विलोम शब्द चुनिए –** 1) अस्त 2) अधर्म 3) अंत | 1 |
| | च) | **'ठोस' का विलोम शब्द चुनिए –** 1) पास 2) तरल 3) दूर | 1 |
| | छ) | **'मित्र' का उचित पर्यायवाची शब्द चुनिए –** 1) अरि 2) मीत 3) रपू | 1 |
| | ज) | **'मछली' का जो पर्यायवाची शब्द नहीं है, उसे चुनिए –** 1) मीन 2) मकर 3) वारी | 1 |
| | झ) | **'कला' का अनेकार्थक शब्द चुनिए –** 1) वर्ण 2) देवता 3) गुण | 1 |
| | ञ) | **'नग' का जो अनेकार्थक शब्द नहीं है, उसे चुनिए –** 1) मान 2) पर्वत 3) रत्न | 1 |
| प्रश्न 3 | | **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।** | |
| | क) | **लोकोक्ति का केवल वाक्य लिखें –** आप भला तो जग भला | 1 |
| | ख) | **मुहावरे का अर्थ व वाक्य लिखिए –** गागर में सागर भरना | 2 |
| | ग) | **रिक्त स्थान में उचित शब्द भरें –** हर्ष, शोक तथा विस्मय आदि भावों को प्रकट करने के लिए .............................चिह्न का प्रयोग किया जाता है। | 1 |
| | घ) | **वाक्य को भविष्यत् काल में बदलिए –** मैं कल घूमने गया। | 1 |
| | ङ) | **वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए –** वीणा पढ़ रही थी। वीणा ने काम नही किया। | 1 |
| | च) | **क्रिया को रेखांकित करके उसका भेद लिखिए –** पक्षी आकाश में उड़ रहे हैं। | 2 |
| | छ) | **रेखांकित विशेषण पद का भेद लिखिए –** रमेश बड़ा <u>झगड़ालू</u> है। | 1 |
| | ज) | **संधि विच्छेद कीजिए –** कृपालु | 1 |
| | झ) | **रेखांकित कारक पद का भेद लिखिए –** पिताजी रोहन को <u>पत्र</u> लिख रहे हैं। | 1 |
| प्रश्न 4 | | **निर्देशानुसार रिक्त स्थान भरिए।** | |
| | क) | रोहन ....................पढ़ता है। (क्रियाविशेषण) | 1x4=4 |
| | ख) | तूफ़ान आया ....................सारी फ़सल नष्ट हो गई(समुच्चयबोधक) | |
| | ग) | ........... कितना सुंदर फूल है। (विस्मयादिबोधक) | |
| | घ) | कपड़े अलमारी ........... हैं। (संबंधबोधक) | |
| | | **खण्ड – ग (रचना कौशल)** | |
| प्रश्न 5 | | **किसी एक विषय पर लिखिए।**<br>परीक्षा की तैयारी को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए 5–5 संवाद लिखिए।<br>**अथवा**<br>किसी कंपनी के टुथपेस्ट का चित्र सहित आकर्षक विज्ञापन बनाइए। | 5 |
| प्रश्न 6 | क)<br>ख) | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।**<br>अपने क्षेत्र में बढ़ती हुई चोरी की समस्या हेतु पुलिस अधिकारी को पत्र लिखिए।<br>अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को जुर्माना माफ़ करवाने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रश्न 7 | | 'अनेकता में एकता' विषय पर 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।<br><br>**अथवा**<br>**नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 100 से 120 शब्दों में कीजिए।**<br> | 5 |
| | | **खण्ड – घ (वसंत)** | |
| प्रश्न 8 | | **किसने –किससे कहा ?** | 2 |
| | | ''आकार में बड़ा हुआ तो अलबम बड़ा हो गया?'' | |
| प्रश्न 9 | | **वाक्य बनाइए –** 1) जमघट 2) फौरन | 1x2=2 |
| प्रश्न 10 | | **अर्थ लिखिए –** 1) तश्तरी 2) कंटक 3) बुहारी | 1x3=3 |
| प्रश्न 11 | | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | 1x2=2 |
| | | पोंछि पसेउ बयारि करौं, अरु पायँ पखारिहौं भूभुरि – डाढ़े।।<br>तुलसी रघुबीर प्रिया स्रम जानि कै बैठि बिलंब लौ कंटक काढ़े। | |
| | क) | राम जी क्या करने लगे? | |
| | ख) | 'भूभुरि' का अर्थ लिखिए। | |
| प्रश्न 12 | | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक–दो वाक्यों में लिखिए।** | 1×2=2 |
| | क) | 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता में माँ छोटी बच्ची को कैसे छलती है? | |
| | ख) | 'संसार पुस्तक है' पाठ में बच्चे समुद्र के किनारे क्या बनाकर खेलते हैं? | |
| | ग) | गांधी जी की पत्नी का क्या नाम था? | |
| प्रश्न 13 | | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए।** | 2×2=4 |
| | क) | दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी गोखले जी के लिए क्या–क्या काम करते थे? | |
| | ख) | नगर से बाहर निकलकर दो कदम चलते ही सीता की क्या दशा हुई? | |
| | ग) | अंत में राजप्पा ने अपनी टिकट अलबम किसे दी और क्यों दी? | |

==========================